राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने पटना विश्वविद्यालय, पटना के लिए प्रो॰ एच॰एन॰ प्रसाद, कुलपति, नालंदा खुला विश्वविद्यालय, पटना तथा कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा के लिए प्रो॰ राजेश सिंह, कुलपति, पूर्णिया विश्वविद्यालय, पूर्णिया को कुलपति–पद के दायित्वों के निर्वहन हेतु प्राधिकृत किया

पटना, 29 अप्रैल 2020

महामहिम राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री फागू चौहान ने 'पटना विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976' (यथाअद्यतन संशोधित) तथा 'बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 (यथाअद्यतन संशोधित) की सुसंगत धाराओं में निहित अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्यक् विचारोपरान्त **पटना विश्वविद्यालय, पटना** के लिए **प्रो॰ एच॰एन॰ प्रसाद, कुलपति, नालंदा खुला विश्वविद्यालय, पटना** तथा **कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा** के लिए **प्रो॰ राजेश सिंह, कुलपति, पूर्णिया विश्वविद्यालय, पूर्णिया** को कुलपति–पद के दायित्वों के निर्वहन हेतु प्राधिकृत कर दिया है।

उक्त दोनों नव प्राधिकृत कुलपति आगामी 02 मई, 2020 के प्रभाव से अपने मूल पद–दायित्वों के अतिरिक्त संबंधित विश्वविद्यालयों के कुलपति–पद के दायित्वों का भी कार्यभार ग्रहण करेंगे। यह एक अस्थायी व्यवस्था होगी जो अगले आदेश तक लागू रहेगी।

....